हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026



## खबर संक्षेप

### आज शाम नहीं होगी पेयजल सप्लाई

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु के पूर्व टंकी सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के सभी पानी टंकियों की सफाई के साथ-साथ मोहारा जल संयंत्रगृह के सभी प्लांटों के सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराने के निर्देश दिए थे। निर्देश के अनुक्रम में जल संयंत्रगृह के फिल्टर प्लांटो का सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराई जा रही है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि महापौर के निर्देशानुसार मोहारा फिल्टर प्लांट के सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराई जा रही है। सफाई की कड़ी में कल 31 जनवरी को 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट का सीएलएफ एवं सम्पवेल सफाई कार्य कराया जाना है। जिसके कारण 17 एमएलडी प्लांट से भरने वाले उच्च स्तरीय जलागार इंदिरा नगर टंकी, आरके नगर टंकी, तुलसीपुर टंकी, न्यू सिविल लाइन टंकी, यातायात नगर टंकी एवं नवागांव टंकी से 31 जनवरी की शाम की सप्लाई बाधित रहेगी। आगामी 01 फरवरी से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी।

### एसपी ने किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा थाना डोंगरगांव का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना भवन एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई, रख-रखाव, अभिलेख संधारण तथा थाना के समस्त रजिस्टरों को अद्यतन रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विवेचकों के पास लंबित अपराध, मर्ग एवं शिकायतों की गहन समीक्षा कर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**सूचना तंत्र को करें मजबूत:** इसके अतिरिक्त थाना में प्राप्त होने वाली प्रत्येक रिपोर्ट पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने, थाना के निगरानीशुदा एवं गुंडा बदमाशों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित रूप से चेकिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बीट अधिकारी-कर्मचारियों को अधिक से अधिक विश्वसनीय मुखबीर विकसित कर सूचना तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरक्षक हेमंत सूर्यवंशी को चोरी के प्रकरण में अच्छा कार्य करने ईनाम भी दिया गया।

### धान उत्सव का शुक्रवार को समापन, आज से तेज होगा उठाव

# तीन जिलों में 230477 किसानों से 2800 करोड़ रुपए के धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

> “विगत 15 नवंबर से शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी शुक्रवार को समाप्त हो गई है। करीबन 75 दिन चली इस सरकारी खरीदी के दौरान अविभाजित राजनांदगांव जिले के 230477 किसानों ने अपनी उपज 3100 रुपए के दाम में सरकार को बेचा है। इन किसानों से अविभाजित जिले में 120 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई है। वहीं पिछले साल के मुकाबले तीनों जिलो में धान बेचने वाले किसान घटे हैं। वहीं खरीदी की मात्रा भी कम हुई है। जानकारों का मानना है कि इस बार धान के अवैध परिवहन में लगाए गए अंकुश के चलते बड़ी मात्रा में पड़ोसी राज्यों का धान समितियों में नहीं खपाया जा सका है। जिसके चलते आवक कम हुई है।”

भले ही सरकारी आदेश के अनुसार 31 जनवरी तक धान की सरकारी खरीदी होनी है, लेकिन शनिवार अवकाश के चलते शुक्रवार को ही धान की सरकारी खरीदी थम गई है। शुक्रवार को अंतिम दिन में अविभाजित जिले में 3108 किसानों से खरीदी की गईद। जिसके बाद अब अविभाजित राजनांदगांव जिले में 230477 किसान से खरीदी हुई है। अंतिम दिन देर शाम तक उपार्जन केंद्रों में तौल की प्रक्रिया देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की साय सरकार ने इस बार 15 नवंबर से ही धान की खरीदी शुरू कर दी थी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान किसानों से 3100 रुपए कीमत पर लिया गया। इस बार खरीदी की शुरूआत के साथ ही शासन-प्रशासन ने अवैध धान पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। बताया गया कि प्रदेश सरकार के निर्देश बाद कलेक्टर जितेंद्र यादव ने खरीदी शुरू होने के पखवाड़ेभर पहले ही जिले की सीमाओं पर चेकपोस्ट बनवाकर अफसर व कर्मचारियों की तैनाती कर दी थी। जिसका असर यह हुआ कि धान खरीदी के दौरान पड़ोसी राज्यों से धान लाकर खपाने की तैयारी में जुटे कोचियों को बड़ा झटका लगा था। कोचियों पर इस बार प्रशासन ने ताबड़तोड़ एक्शन लिया है। जिसका असर है कि करोड़ों रुपए का धान अब तक पकड़ा गया है।



### 28 फरवरी तक उठाव नहीं होने पर मिलेगी राशि

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने आदेश जारी कर यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि आगामी 28 फरवरी तक उपार्जन केंद्रों से उठाव नहीं किया जाता है तो उस दिनांक के बाद समितियों में शेष धान के बदले समिति प्रबंधकों को सहयोग राशि दी जाएगी। बताया गया कि एक मार्च की स्थिति में शेष धान के बदले समितियों को प्रति क्विंटल तीन रुपए की राशि दी जाएगी। हालांकि समिति प्रबंधकों का कहना है कि सरकार को एक मार्च की स्थिति में शेष धान का पूरा सूखत माफ करना चाहिए। ज्ञात हो कि आज से उठाव में तेजी देखने को मिलेगी। तीनों जिलों में मिलर्स के साथ ट्रांसपोटर्स के जरिये धान का उठाव तेजी से कराने में प्रशासन की टीमें जुटेंगी।

### नांदगांव जिले में 1 लाख 24 हजार किसानों ने बेचा धान

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य निर्विवाद और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की प्रभावी मॉनिटरिंग और सुदृढ़ व्यवस्था के फलस्वरूप पात्र किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। जिले में 15 नवंबर 2025 से शुरू होकर 30 जनवरी तक चले इस उपार्जन अभियान में कुल 124095 किसानों ने अपना धान विक्रय किया। इस दौरान कुल 6253504 क्विंटल धान की खरीदी की गई। जिसका कुल मूल्य 1484.57 करोड़ रुपए है। शासन द्वारा इस राशि का भुगतान किसानों के खातों में सुनिश्चित किया गया है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारियों, समिति प्रबंधकों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों, नोडल अधिकारी की साप्ताहिक बैठकें लेकर आगामी कार्ययोजना बनाई गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

**जांच के लिए 50 टीमः** कलेक्टर द्वारा इस वर्ष धान खरीदी को सुगम बनाने के लिए कई नवाचार किए गए। अवैध धान की आवक रोकने के लिए बॉर्डर और संवेदनशील रास्तों पर रातभर पहरा दिया गया। प्रत्येक केंद्र पर नोडल अधिकारी, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी और माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई। 50 सदस्यीय विशेष जांच दल द्वारा प्रति सप्ताह केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किया गया।

# 55 हजार एकड़ रकबे का समर्पण, अवैध धान पर 'सर्जिकल स्ट्राइक'

### खरीदी के दौरान प्रशासन की रही मोर्चाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी के दौरान इस बार प्रशासनिक अमला बेहद मुस्तैद रहा। यही कारण है कि पड़ोसी राज्यों से अवैध धान की न सिर्फ आवक रूकी, बल्कि कोचियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई किए जाने से धान की सरकारी खरीदी के दौरान जिले के किसी भी खरीदी केद्रों में किसानों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। इधर जिले के 71,790 किसानों ने 55,790 एकड़ रकबे का समर्पण किया।



उल्लेखनीय है कि धान की सरकारी खरीदी शुरू होने के पहले ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को अवैध धान को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए थे। शासन के निर्देश के चलते इस बार प्रशासनिक अमले ने दिन-रात मोर्चाबंदी की और व्यापक पैमाने पर कोचियों की धरपकड़ कर अवैध धान को जब्त किया है।

समस्याओं का त्वरित निराकरण और रकबा समर्पण अभियान के दौरान जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 600 से अधिक ऐसे किसानों की समस्याओं का निराकरण किया, जिनके पंजीयन, रकबा या फसल संबंधी तकनीकी दिक्कतें थी। रकबा समर्पण से कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा 363 करोड़ मूल्य का 11 लाख क्विंटल धान खपाने का प्रयास विफल हुआ।

### पौने 14 करोड़ का अवैध धान जब्त

अवैध धान पर सर्जिकल स्ट्राइक और सतर्क एप्प का बेहतर उपयोग कलेक्टर के निर्देश पर कोचियों और बिचौलियों के विरुद्ध जिले में अब तक की सबसे प्रभावी कार्रवाई की गई। अन्य राज्यों से अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ कुल 243 प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें 43,900 क्विंटल धान, (मूल्य 13.60 करोड़) और 50 वाहन जब्त किए गए। इस वर्ष शासन द्वारा उपयोग किए गए सतर्क एप्प के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की गई। जिससे परिवहन और खरीदी में होने वाली किसी भी अनियमितता पर तत्काल लगाम कसी गई।


# रायपुर-कोरबा में कम हुई दरें, जिले में समिति की बैठक ही नहीं हो पाई!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

प्रदेशभर में सरकार द्वारा नवंबर महीने में बढ़ाए गए जमीन के सरकारी दरों के विरोध में हुए प्रदर्शन बाद आदेश जारी कर सरकार ने सभी जिलों को बैठक कर नए प्रस्ताव मंगाए थे। आदेश के अनुसार नई गाईड लाइन को लेकर सुझाव भी मांगे गए थे, लेकिन अब तक जिला प्रशासन इस मामले को लेकर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक भी नहीं कर पाया है।

जबकि प्रदेश के रायपुर एवं कोरबा जैसे जिलों में नए प्रस्ताव आने के बाद उसे अनुमति देकर जमीन की सरकारी दरों में बदलाव भी कर दिया गया है। ऐसे में आदेश के डेढ़ महीने बाद भी बैठक नहीं होने का सीधा असर जमीन कारोबार पर देखने को मिल रहा है। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले से प्रस्ताव भेजे जाने में अभी और 7 से 10 दिनों का समय लग सकता है। ऐसे में फरवरी के पहले पखवाड़े में नई सरकारी दरों में बदलाव की उम्मीद कम ही दिखाई दे रही है।



**खास बातें**

- जिले से प्रदेश मूल्यांकन समिति को भेजा जाएगा प्रस्ताव
- शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दर में कमी होने की संभावना

### समिति तय करेगी दरें

प्रदेश से जारी निर्देश के अनुसार जिला मूल्यांकन समिति बैठक कर क्षेत्रवार नए सिरे से दर तय कर प्रदेश स्तर पर भेजेगी। जिसके बाद प्रदेश मूल्यांकन समिति उन प्रस्ताव पर अपने अनुसार सहमति देकर नए सिरे से जिले के लिए जमीन के सरकारी दाम जारी करेगी। बैठक अगले 5 से 7 दिनों में होने की संभावना है।

### अनुविभागीय अधिकारियों से मंगाए प्रस्ताव

मिली जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश देकर अपने क्षेत्रों के लिए दरों को लेकर प्रस्ताव मंगाए हैं। अब तक तीन एसडीएम द्वारा प्रस्ताव जमा किए जा चुके हैं। जबकि एक अनुविभाग का प्रस्ताव आना शेष है। यही कारण है कि जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित नहीं हो पा रही है। हालांकि जल्द इसके आयोजित होने की उम्मीद है।






### संगठन में अध्यक्ष पद को लेकर मची थी घमासान

# खींचतान के बीच युवा मोर्चा अध्यक्ष की घोषणा नांदगांव में चिंटू व केसीजी में आयश को कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवा मोर्चा अध्यक्ष को लेकर मचे संग्राम के बीच आखिरकार प्रदेश भाजपा ने अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। राजनांदगांव जिले में जहाँ चिंटू सोनकर को अध्यक्ष बनाया गया है, वही केसीजी जिले में आयश सिंह बोनी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष के साथ ही दोनों जिलों में महामंत्री का भी ऐलान किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जिलों में युवा मोर्चा अध्यक्ष की घोषणा महीने भर पहले ही कर दी गई थी। उस दौरान मोहला मानपुर जिले के युवा मोर्चा अध्यक्ष की घोषणा हुई थी परंतु संगठन के




खींचतान के चलते राजनांदगांव और केसीजी जिले में घोषणा नहीं हो पाई थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश से साफ़ कर दिया गया था कि युवा मोर्चा का नया अध्यक्ष 32 साल की उम्र से कम होना चाहिए यही कारण है की जिन दावेदारों का नाम पहले चल रहा था वो सब रेस से बाहर हो गए थे। जिनके बाद आधा दर्जन दावेदारों के बीच अध्यक्ष को लेकर मंथन चल रहा था।

### अब अपनी टीम बनाएंगे दोनों नए जिला अध्यक्ष

मिली जानकारी के अनुसार युवा मोर्चा के अध्यक्ष बनाये गए युवा नेता अब जिले में अपनी टीम बनायेंगे। हालांकि नई टीम बनाने से पहले सभी आला नेताओं से रायशुमारी करनी होगी। बताया गया की नई टीम में भी इस बात का ध्यान रखा जाएगा की अधिक से अधिक नेता 32 साल से कम उम्र के हो।

### केसीजी जिले में बनाया एक ही महामंत्री

राजनांदगांव के अलावा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के भी युवा मोर्चा अध्यक्ष की घोषणा की गई है। इसमें युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी और विक्रांत चंद्राकर को महामंत्री बनाया गया है। ज्ञात हो एमएमसी जिले में अध्यक्ष और महामंत्री की घोषणा महीने भर पहले ही की जा चुकी है।

### आशुतोष-नोमेश बने महामंत्री

जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर के अलावा दो महामंत्री की भी घोषणा की गई है। इनमें आशुतोष सिंह और नमेश वर्मा का नाम महामंत्री के लिए तय किया गया है। बताया गया कि महामंत्री बनाये गए दोनों युवा नेताओं का नाम भी अध्यक्ष की रेस में शामिल था। पार्टी सूत्रों के अनुसार युवा मोर्चा अध्यक्ष को लेकर संगठन भी तीन गुट में बंट गया था।

## खबर संक्षेप

### 47 छात्राओं को मिली साइकिल



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार की कक्षा 9 वीं की छात्राओं को गत दिनों सायकिल प्रदान किया गया। लाभांवित 47 छात्राओं में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की शामिल हैं। इस दौरान शाला समिति के अध्यक्ष इंदु भुआर्य, शुभम देशमुख, नरेश सोनी, जागृत देवांगन, जगदीश देवांगन, अंग्रेज चक्रधारी, प्रभारी प्राचार्य केके साहू आदि मौजूद थे।

### माता बहादुर कलारिन जयंती 2 को

**डोंगरगांव।** ग्राम रामपुर में आगामी 2 फरवरी को सिन्हा कलार समाज की आराध्यदेवी माता बहादुर कलारिन जयंती मनाया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना, गंगाराम सिन्हा, जनपद अध्यक्ष छुरिया संजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ लता सिन्हा शामिल होंगे। रामपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे देवपूजन से होगा। दोपहर एक बजे से अतिथियों का स्वागत, उद्बोधन होगा। शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाला जाएगा। रात्रि में पवन मानस परिवार मकरनपुर का रामायण पाठ होगा। रामपुर के संतराम सिन्हा ने स्वजातियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### वार्षिकोत्सव का आयोजन आज

**खड़गांव।** स्थानीय विद्या श्री विजडम स्कूल में कल 31 जनवरी को वार्षिकोत्सव का आयोजन रखा गया है।मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी खेमलता दास और अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन जिला अध्यक्ष विजय जैन मित्तल होंगे।अतिथि के रूप में थाना प्रभारी संजय यादव, राणाटोला सरपंच हेमचंद कृष्णे,खडगांव सरपंच रमिला ध्रुवे, सरपंच तोमन साहू और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मानपुर बालचंद कुरेटी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्पोर्ट्स में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। मैनेजिंग डायरेक्टर गजानंद चौधरी और चीफ मिस्टर तरूण कुमार चौधरी ने सभी छात्र छात्राओं और पालकों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### छात्र-छात्राओं ने गांधी को किया याद

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्यतिथि के मौके पर



श्रद्धांजलि अर्पण किया गया। इस दौरान उनके महान आदर्शों एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, कंचन साहू, हिमानी साहू, ओमप्रकाश सहारे, मोनीश खान, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, लव कुमार वर्मा, ज्ञानेश्वर देवांगन आदि उपस्थित थे।

### आसरा में भागवत कथा 1 से



**डोंगरगांव।** ग्राम आसरा में आगामी एक से 9 फरवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक तिलेन्द्र महाराज होंगे। आयोजन की शुरूवात 1 फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। आगामी 9 फरवरी को गीता सार, पूर्णाहूति के बाद प्रसाद वितरण होगा। कथा का वाचन दोपहर एक से चार बजे तक होगा। आयोजन समिति के डेरहा राम साहू, सरस्वती साहू, ओंकार साहू, जीत कुमारी ने लोगों से शामिल होने का आग्रह किया है।

### मनरेगा में गड़बड़ी का आरोप

**डोंगरगढ़।** खुर्सीपार कला की मंजू बाई ने रोजगार गारंटी योजना में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1.30 लाख की स्वीकृति मिली थी। 95 मानव दिवस का कार्य पूर्ण दिखाया गया। आवेदिका के अनुसार उसके पति पतिराम के नाम से 72 मानव दिवस तथा 21 मानव दिवस की राशि अन्य ग्रामीणों बिशेषर, ललिताबाई एवं रामबाई के नाम से दर्शाकर मस्टर रोल स्वीकृत कर दिया गया, जबकि वास्तविक रूप से उनसे कार्य नहीं कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना मस्टरोल के ही भुगतान दर्शाया गया है। पूछताछ करने पर रोजगार सहायक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं जा रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### दर्रेकसा में रूकेगी जबलपुर एक्सप्रेस

**डोंगरगढ़।** जबलपुर से रायपुर के बीच चलने मूकमाटी एक्सप्रेस का 3 फरवरी तक दर्रेकसा स्टेशन में अस्थाई ठहराव रहेगा। ज्ञात हो कि 30 जनवरी से 3 फरवरी तक प्रसिद्ध कचारगढ़ मेला का आयोजन रखा है। यह मेला धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं अन्य समीपवर्ती राज्यों से लोग बड़ी संख्या में शामिल होते है। लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने रायपुर से जबलपुर के बीच चलने वाली मूकमाटी एक्सप्रेस का दर्रेकसा स्टेशन पर अस्थायी ठहराव दिया गया है।

## मनरेगा में बदलाव का विरोध, पूरी धान खरीदी नहीं होने पर जताया नाराजगी

# किसानों और मजदूरों के लिए सड़क पर आई कांग्रेस, दिया धरना, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा के बाद किसानों एवं मजदूरों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने धरना देकर चक्का जाम किया। यह आंदोलन मनरेगा को कमजोर करने के विरोध, धान की पूरी खरीदी सुनिश्चित करने तथा धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि गांधी जी का भारत गाँव, किसान और श्रमिक के सम्मान से बना है। यदि किसान का धान नहीं खरीदा जाएगा और मजदूर को काम नहीं मिलेगा, तो यह गांधी जी के विचारों के साथ सीधा अन्याय है। सरकार को चाहिए कि किसान का एक-एक दाना खरीदे और मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को मजबूती से लागू करे।



#### कांग्रेसजनों की रही उपस्थिति

प्रदर्शन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, शहर अध्यक्ष हरीश भंडारी, विनोद तिवारी, निर्मल जैन, रामजी तराने, प्रदीप शर्मा, विनायक राव, जितेन्द्रसिंह भाटिया, ऋषि शर्मा, रिम्मी भाटिया, बबलू शांडिल, रवि तिवारी, संजय यादव, संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, रेखा खोब्रागड़े, ललिता सहारे, बिन्दा बाई, ममता शिंदे, दिलीप नशीने, हैदर, संदीप सिंह, पप्पू इंदुरकर, नरेश करसे, गणेश, तरुण फूले, भाऊदास, रितेश रामटेक, दशरथ सिंह, संदीप गहरवार, अक्षय चौरडिया, मो सिराज, विदेश सिन्हा, मनोज साहू, संजीव गुप्ता, रितु निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## मनरेगा में बदलाव से गांव के मजदूरों को नुकसान

**डोंगरगांव।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेसजनों ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लाक मुख्यालय में धरना दिया। धरना के बाद सांकेतिक चक्काजाम किया गया। धरना में यूपीए सरकार द्वारा मजदूरों को गांवों में ही रोजगार मुहैया कराने शुरू की गई मनरेगा को बचाने तथा धान खरीदी की समय अवधि बढ़ाने की मांग उठाई गई।

जनपद पंचायत के सम्मुख आयोजित धरना की शुरुवात में महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उपस्थित नेताओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के विचारों को प्रासंगिक बताते हुए किसानों, मजदूरों और जनता के हक की लड़ाई को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। धरना में विधायक दलेश्वर साहू, जिपं सदस्य विभा साहू, किसान नेता गुलाब वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष टिकेश साहू, गणेश साहू, श्रुति शुक्ला, संध्या साहू, महेन्द्र वैष्णव, शामिल हुए।




#### सांकेतिक चक्काजाम

धरना के बाद कांग्रेसजनों ने डोंगरगांव-राजनांदगांव मार्ग पर कुछ देर तक सांकेतिक रूप से चक्काजाम किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन खासा सक्रिय रहा।

#### श्रमिकों का हक मार रही भाजपा

इस मौके पर विधायक दलेश्वर साहू ने ने कहा कि गांव के गरीब और मजदूरों को पलायन की त्रासदी से बचाने के लिए यूपीए सरकार ने मनरेगा की शुरू वात की थी किन्तु मौजूदा केन्द्र सरकार उसमें बदलाव कर श्रमिकों के हितों पर कुठाराघात करने का प्रयास कर रही है। किसान नेता गुलाब वर्मा ने कहा कि पूर्व में कार्ययोजना बनाने का अधिकार ग्रामसभा को दिया गया था किन्तु अब दिल्ली में बैठे अधिकारी तय करेंगे गांव में कौन सा काम होगा। उन्होंने राशि की उपलब्धता पर भी सवाल उठाया। इस मौके पर पीसीसी प्रवक्ता श्रुती शुक्ला, प्रियंक जैन, सुंदरलाल साहू, विभा साहू, दिपीका साहू, डामन साहू, खेमचंद साहू आदि ने संबोधित किया।

## धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग, किया चक्काजाम



**गंडई पंडरिया।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गंडई में धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में आयोजित सांकेतिक चक्का जाम के दौरान कार्यकर्ताओं ने शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसानों के साथ न्याय करने की मांग उठाया। आंदोलन की शुरुआत दोपहर 2 बजे रेस्ट हाउस गंडई से हुई। यहां सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों और सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके पश्चात बड़ी संख्या में कांग्रेसी हाथों में झंडा थामकर गगनभेदी नारों के साथ तिरंगा चौक पहुंचे और मार्ग अवरुद्ध कर धरने पर बैठ गए।

#### मियाद बढ़ाने की मांग

इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि तकनीकी दिक्कतों और अन्य कारणों से बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से वंचित रह गए हैं। सरकार धान खरीदी की अंतिम तिथि में वृद्धि नहीं करती है, तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। नेताओं ने दो टूक कहा कि कांग्रेस हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है और उनका हक छीनने नहीं दिया जाएगा। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष कोमल साहू, नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंदेल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष चेतन देवांगन आदि शामिल हुए। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मोहसिन खान, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता ठाकुर, पार्षद दिलीप ओगरे, अमन सोनी, नारायण चतुर्वेदी, क्रांति ताम्रकार, धर्मेंद्र मंडावी, टीकम साहू, शैलेंद्र जायसवाल, अमित टंडन, अनिल वर्मा, शिव कुर्रे, दिलीप नागवंशी, अरुण जोशी, सूरज नामदेव, कन्हैया कुर्रे, हुलेष साहू, बेदूल वर्मा, कुंभलाल धुर्वे, तिलक साहू, रिखीराम पटेल, रामखिलावन यादव, पूरन मरकाम, कोमल देवांगन, अनवर बक्श, अशोक यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## बिना अनुमति के सड़क की खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर पंचायत क्षेत्र में मिशन 2.0 के तहत पाईप लाईन विस्तार कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार ने बिना अनुमति के ही डोंगरगांव की ओर जाने वाली सड़क को खोद दिया है। सड़क खोदने की जानकारी मिलने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ठेकेदार को फटकार लगाते हुए काम बंद कराया।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सीमा अंतर्गत अमृत मिशन 2.0 के तहत जल प्रदाय योजना में 29 करोड़ की स्वीकृति मिली है, जिसका ठेका एजीस कंपनी राजनांदगांव को मिला है। योजना अंतर्गत सूखा बैराज चिद्दो से लगभग 20 किलोमीटर पाईप लाईन विस्तार कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार ने छुरिया-डोंगरगांव मार्ग पर 20 मीटर डामर सड़क को बिना अनुमति के खोद दिया है। इस आशय की जानकारी मिलने पर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और खुदाई के परमिशन संबंधित दस्तावेज की मांग की। ठेकेदार द्वारा उपलब्ध नहीं कराने पर काम बंद करा दिया।



#### क्रास परमिशन की आड़ में खुदाई

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जल जीवन मिशन के तहत छुरिया नगर पंचायत में चिन्हांकित पांच जगहों पर 18 मीटर के क्रास रोड की परमिशन मिली थी जिसकी आड़ में ठेकेदार ने लगभग 20 मीटर डामर की सड़क खोद डाला।

#### शर्तों का खुला उल्लंघन

नियमानुसार मौके पर सूचना बोर्ड, बेरीकेट, झण्डा लगाना अनिवार्य है ताकि निर्माण के दौरान लोगों को दुर्घटना से बचाया जा सके। ठेकेदार नियमों का उल्लंघन करते हुए सुरक्षा का कोई उपाय नहीं किया है। ठेकेदार ने बिना अनुमति के 250 मीटर सोल्डर एवं 20 मीटर सड़क खोद दिया किन्तु नगर पंचायत के अधिकारियों को भनक तक नहीं लगी । लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने काम बंद करवा कर जानकारी दी तब नगर पंचायत के अधिकारी हरकत में आए।

## अब पाऊच गुटखा की खुलेआम कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

क्षेत्र में अचानक मादक पदार्थों में रेट बढ़ गए हैं जिससे उपभोक्ताओं में खलबली मची है। दीपावली के पूर्व जीएसटी का नया स्लैब लागू किया गया था और कुछ सामानों के रेट कम होने का दावा किया गया था। वर्तमान मे पुराने मूल्य पर ही सामानों की बिक्री हो रही है। वहीं मादक पदार्थों की कीमत एक फरवरी से बढ़ने की संभावना है लेकिन इन दिनों मादक पदार्थों का दो गुना कीमत पर बेचा जा रहा है जिसके चलते उपभोक्ताओं में खलबली मची है। उपभोक्ताओं का कहना है कि डीलरों ने कालाबाजारी करते हुए मादक पदार्थों का भंडारण किया है। वहीं कुछ का कहना है कि दो गुना कीमत में बेचकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उपभोक्ता मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि राजश्री पाउच अब तक 5 रूपए में मिल रहा था। वर्तमान में भी उसकी कीमत 5/- रूपए अंकित है किन्तु 20 रूपए में तीन और 7 रूपए में एक पाऊच बेचा जा रहा है। उपभोक्ता लीलाराम ने बताया कि मादक पदार्थों को डबल रेट में बेचा जा रहा है किन्तु प्रशासन इस कालाबाजारी को रोकने कार्रवाई नहीं कर रहा है। उपभोक्ता लोमन ने बताया कि पूरे क्षेत्र में मादक पदार्थों को डबल रेट में बेचा जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से कालाबाजारी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। जल ही जीवन संगठन के दीपक चैचानी ने कहा कि जल्द से जल्द कालाबाजारी करने वालो पर कार्यवाही होना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने की बात कही है।

### एटहोम समारोह में शामिल माधुरी एवं रूपेश

**मोहला।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन रायपुर में आयोजित सायंकालीन स्वागत समारोह एटहोम में जिले की दो विशिष्ट प्रतिभा शामिल हुए जिसमें प्रख्यात ओड़िसी नृत्य कलाकार माधुरी पुरामे तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के पैरास्वीमिंग खिलाड़ी रूपेश चेनापे शामिल थे। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मंत्री सहित विशिष्टजनों से आत्मीय मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि पैरास्वीमिंग खिलाड़ी रूपेश चेनापे ने राज्य स्तरीय पैरास्वीमिंग प्रतियोगिता बिलासपुर में 3 स्वर्ण पदक अर्जित किए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय पैरास्वीमिंग प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। इसी प्रकार ओड़िसी नृत्य कलाकार माधुरी पुरामे ने भुवनेश्वर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ओड़िसी नृत्य महोत्सव, शिमला में आयोजित अखिल भारतीय नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

## सवालों के घेरे में प्रसाद योजना के कार्य

# अधिक खर्च के बाद भी निर्माण अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

केन्द्र सरकार की प्रसाद योजन महज दिखावा साबित हो रही है। योजना के तहत निर्माणधीन श्रीयंत्रम, उपासना केन्द्र एवं उपर मंदिर में प्रस्तावित सौर उर्जा के कार्य को देखते हुए निर्माण एजेंसी की कार्य प्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। अधिकांश कार्य या तो अधूरे है या फिर अनियमिता के चलते उसके भविष्य पर सवाल उठ रहे है।

जानकारी के अनुसार प्रसाद योजना के तहत लगभग 43 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। वर्तमान में 48 करोड से अधिक खर्च होने के बाद भी प्रस्तावित कार्य अधूरे हैं। योजना के तहत निर्मित श्रीयंत्र भवन के लोकार्पण से पहले ही सवालों के घेरे में आ गया है। निर्माण में खामियों, घटिया निर्माण और निगरानी समिति का गठन न होने का मामला अब गरमाते जा रहा हैं। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गत दिनों कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के साथ नव-निर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की फॉल सीलिंग, दीवारों में दरारें, प्लास्टर उखड़ना और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे। विधायक ने कहा कि करोड़ों खर्च होने के बाद भी निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं है।



#### निगरानी समिति का गठन नहीं

परियोजना के लिए नियमों के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन होना था, लेकिन अब तक इसका गठन नहीं किया गया। आरोप है कि बिना प्रभावी निगरानी के 48.44 करोड़ खर्च कर दिया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि निगरानी समिति होती तो इतनी गंभीर खामियां सामने नहीं आतीं।

#### प्रतिनिधियों को जानकारी नहीं

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि परियोजना से जुड़ी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को नहीं दी गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जानबूझकर जानकारी छुपाया गया, ताकि निर्माण में हुई अनियमितताओं पर पर्दा डाला जा सके। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना गुणवत्ता जांच के भुगतान किया गया। विधायक श्रीमती बघेल ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## कुसमी की लखपति दीदी दिव्या से मिले सामाजिकजन

**डोंगरगांव।** लखपति दीदी बनने का गौरव हासिल करने वाली कुसमी की दिव्या निषाद से मछुवारा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद, टामिन निषाद, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पदमिनी निषाद, मुस्कान निषाद, बासनबाई निषाद ने मुलाकात किया। इस दौरान सामाजिकजनों ने आत्मनिर्भर बनने के साथ लखपति दीदी बनने तक के सफर के बारे में विस्तार से चर्चा की ताकि अन्य को भी इस दिशा में आगे बढ़ने प्रेरित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि कुसमी की लखपति दीदी दिव्या निषाद के पति की कोविड-19 के दौरान मृत्यु हो गई। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी। रोजगार और व्यापार का अनुभव नहीं था। बच्चों की परवरिश, घर की जिम्मेदारी उठाने समूह की महिलाओं से दिव्या ने प्रेरणा लेने के बाद बिहान से जुड़कर बैंक सखी, बैंक मित्र, समूह संचालन और व्यापार की जानकारी ली। ऋण लेकर भरेंगांव में कपड़ों और घर में किराना दुकान शुरू की है। वर्तमान में उसकी सालाना आय 4 लाख तक है।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक में रश्मिदेवी कॉलेज को मिला दूसरा स्थान

**खैरागढ़।** रानी रश्मिदेवी सिंह और नवीन कन्या कालेज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और प्राध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार साखरे के निर्देशन में मनाया गया।



संस्था प्रमुख प्राचार्य श्री गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता के संदर्भ में शपथ दिलाया जिसके बाद दोनों महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं रंगोली प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला कार्यालय गए जहॉ नुक्कड़ नाटक में रानी रश्मिदेवी सिंह महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया और रंगोली प्रतियोगिता में दोनों महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्पर्धा में विजेता छात्र-छात्राओं को संस्था प्रमुख ने बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार आडवानी और आभार प्रदर्शन डॉ उमेंद चंदेल ने किया। अतिथि प्राध्यापिका डॉ मेधाविनी तुरे ने पूरे आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान दोनो महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अंसग देव साहेब का सुखद सत्संग पिपरिया में

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय संत अंसग देव साहेब का दो दिवसीय सुखद सत्संग शनिवार 7 और रविवार 8 फरवरी को पिपरिया वार्ड में होगा। दिव्य संत्सग में ज्ञान वर्षा के आयोजक सदगुरू कबीर पारख सेवा संस्थान ने संत्सग का लाभ उठाने अधिकाधिक संख्या मे उपस्थिति की अपील की है।

### बापू की पुण्यतिथि पर नशे का कारोबार, सरकार बेनकाब

**खैरागढ़।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर ड्राई डे के बावजूद शराब दुकानों के खुले रहने को लेकर सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपिता के सत्य, संयम और अहिंसा के आदर्शों का सीधा अपमान है। गुलशन तिवारी ने आरोप लगाया कि यह कदम शराब कारोबारी मानसिकता को उजागर करता है और जनता की भावनाओं के साथ खुला खिलवाड़ है। उन्होंने कहा गांधी कोई नाम नहीं, विचारधारा हैं। 80 से अधिक देशों में आज भी उनका सम्मान है इस विचारधारा को कोई सत्ता या पार्टी मिटा नहीं सकती। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को इस संवेदनहीनता पर तत्काल सार्वजनिक स्पष्टीकरण देना चाहिए और पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय अवसरों पर ड्राई डे के नियमों का सख्त पालन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के दुहरे चरित्र प्रदर्शन के बावजूद देश रघुपति राघव राजा राम का भाव लेकर उनके बताए रास्तों का अनुकरण करेगा।



### वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति

**घुमका।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में गुरूवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य गणपत दुबे थे। अध्यक्षता पूर्व जनपद सदस्य दिलीप पटेल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य मधुबाला कसार एवं अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। अतिथियों का स्वागत बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने योग का शानदान प्रदर्शन किया। वार्षिकोत्सव के साथ ही कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री दुबे ने कहा कि वार्षिकोत्सव छात्र-छात्राओं को अपनी अभिव्यक्ति को प्रस्तुत करने का एक सुनहरा अवसर है। प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। इस मौके पर सेवाराम दुबे, नोहेन्द्र सिन्हा, छन्नू आडिल, गंगेश्वर वर्मा, सौरभ सिंह, रूपनारायण साहू, सूरज पात्रे सहित अन्य उपस्थित थे।



### व्यंजनों से महका कलेवा मेला, उमड़े लोग

**डोंगरगांव।** महिलाओं में पाककला और व्यवसायिक सोच विकसित करने के लिए दिगम्बर जैन भवन में बीते दिनों कलेवा मेला का आयोजन किया गया। मेला में महिलाओं और युवतियों ने खाद्य सामग्री सहित अन्य के स्टाल लगाए। मेला का शुभारंभ दिगंबर जैन समिति, श्वेतांबर जैन समिति एवं महेश्वरी समाज समिति के वरिष्ठजनों ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक दलेश्वर साहू ने परिजनों के साथ शामिल होकर स्टॉल संचालकों को सम्मानित किया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने प्रतिभागियों और आयोजकों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता वर्ग में अनुभा, दामिनी, समीक्षा, सृष्टि, नेकी की दीवार को सांखला ज्वेलर्स, केएम कॉस्मेटिक, संदीप मोटर्स के सहयोग से पुरस्कृत किया गया। पूरे आयोजन में निकिता, पावन, उज्जवल, खुशी, समीक्षा, नैना, काम्या, श्रुति, साक्षी, सृष्टि, सजल, शुभम, सिद्धांत, उद्देश्य, सिद्धार्थ, गौरव, अमन, चित्रांश, नमन, अनंत की विशेष सहभागिता रही।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया गणतंत्र दिवस

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगांव में गणतंत्र दिवस पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमर सिंह ठाकुर, अध्यक्षता जेएल पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केके वैष्णव, डॉ. एनके साहू, एचएल ढोमने तथा ज्योतिषराम यादव शामिल थे। अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना पश्चात तहसील अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव द्वारा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार वैष्णव, मानिकलाल देवांगन, मन्नूलाल, मानदास साहू, केसी साहू, देवप्रसाद देवांगन, मैनुराम गावरे, सीआर घरेंद्र, सीएल बोरकर, भुवनेश्वर प्रसाद मिश्रा, ताम्रध्वज साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।



### पंजवानी मनरेगा बचाओ के समन्वयक नियुक्त

**राजनांदगांव।** मनरेगा बचाव संग्राम के सफल संचालन के लिए जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से विनय झा और दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से अशोक पंजवानी को समन्वयक नियुक्त किया गया है। नेताद्वय को अभियान को सफल बनाने जिले के वरिष्ठ नेताओं सहित समस्त जिला, शहर, नगर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी व मोर्चा संगठन-प्रकोष्ठ विभाग से समन्वय स्थापित करते ब्लॉक में आंदोलन को सफल बनाने की समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



## प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा को लेकर बैठक

# बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विशेष कक्षा लगाने के निर्देश

### कमजोर विषय वाले छात्रों की करें पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, संयुक्त संचालक दुर्ग आरएल ठाकुर व डीईओ लालजी द्विवेदी की उपस्थिति में जिले के समस्त हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्री-बोर्ड परीक्षा के परिणामों की समीक्षा करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने शालावार परिणामों का विश्लेषण कर कमजोर विषयों वाले छात्रों की पहचान करते हुए विशेष कक्षा संचालन, नियमित मूल्यांकन व शैक्षणिक अनुशासन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सुनियोजित तैयारी, शिक्षकों की सक्रिय भूमिका और सतत निगरानी से परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार संभव है।



#### शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने पर दिया जोर

संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने दिशा-निर्देश देते हुए विद्यालयीन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्णता और शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा में बेहतर परिणाम और प्रावीण्य सूची में विद्यार्थियों के चयन को आवश्यक मार्गदर्शन दिया साथ ही उन्होंने वीएसके ऐप, अपार आईडी, छात्रवृत्ति व आरटीई से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश प्राचार्यों को दिया। बैठक में दोनों ब्लाक के बीईओ, एबीईओ, बीआरसी सहित समस्त शालाओ प्राचार्य उपस्थित थे।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने वनांचल और जिले के अंतिम छोर पर स्थित स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति और स्कूलों में संचालित सरकारी योजनाओं की ज़मीनी हकीकत जाना।

डीईओ ने क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का दौरा किया, जिसमें सेजेश गंडई, हाईस्कूल लिमो, प्राथमिक शाला ढाबा एवं सेतवा, पूर्व माध्यमिक शाला खौड़ा और सर्राकापा संकुल कटंगी, दुल्लापुर संकुल ढाबा के निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल पूछे। सेतवा की प्राथमिक शाला में तीसरी के बच्चों ने पहाड़े का सही जवाब दिया, तो अधिकारी ने उनकी जमकर सराहना की। उन्होंने सर्राकापा और सेतवा स्कूलों में विकसित किचन गार्डन, आकर्षक रंग-रोगन और दीवारों पर बने प्रेरणादायक चित्रों को देखकर ने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की।

#### बच्चों को मिले भोजन

निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों में शिक्षक अध्यापन कार्य करते मिले। उन्होंने संकुल समन्वयक मुकेश कश्यप, योगेंद्र सिंह कश्यप और राजेश कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि छात्रों और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि भोजन जैसी योजनाओं का लाभ हर पात्र बच्चे तक पहुंचे।शिक्षा की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रयास जारी रहे।

# कनेरी राशन दुकान बंद मिलने पर किया सील

**मोहला।** राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा के प्रवास के दौरान शिकायत प्राप्त होने पर निरीक्षण दल के सदस्यों के साथ ग्राम कनेरी पहुँचे। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष अपने राशन कार्ड लेकर मौके पर उपस्थित हुए। निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकान बंद पाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि दिसंबर माह में दुकानदार ने पॉश मशीन में अंगूठा का निशान लेकर बाद में राशन दिया जाएगा कहकर उन्हें लौटा दिया था। कुछ उपभोक्ताओं को 35 किलो के स्थान पर मात्र 15 किलो चावल दिया गया। निरीक्षण करने पर खाद्यान्न भंडारण नहीं दिखा, जबकि रिकॉर्ड अनुसार दुकान में 134.94 क्विंटल चावल, 5.53 क्विंटल शक्कर तथा 9.49 क्विंटल नमक उपलब्ध होना था। इस गंभीर अव्यवस्था को देखते हुए खाद्य आयोग अध्यक्ष श्री शर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को दुकान सील करने के निर्देश दिए। जांच में 134.94 क्विंटल चावल, 2.01 क्विंटल शक्कर एवं 3.93 क्विंटल नमक की गड़बड़ी पाई गई। कनेरी उचित मूल्य दुकान को रामगढ़ स्थित दुकान में संलग्न कर दिया गया है।

# एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संभाग आयुक्त व रोल ऑब्जर्वर दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र सिंह ठाकुर, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उपस्थित थे। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ और 74-डोंगरगढ़ आंशिक के मतदान केंद्रों सहित उनके अंतर्गत पंजीकृत मतदाताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दावा आपत्ति तहत प्राप्त आवेदनों की स्थिति से अवगत कराया गया।

#### अंतिम सूची का प्रकाशन 21 फरवरी को

बैठक में नो-मैपिंग प्रकरणों के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 73-खैरागढ़ में कुल 1655 मतदाताओं के नाम चिन्हांकित किए गए हैं, जिनमें से 1477 प्रकरण डीईओ आईडी में दर्ज किए जा चुका हैं। इसके अतिरिक्त 27 मतदाताओं के दस्तावेज अन्य राज्य से और 10 मतदाताओं के दस्तावेज अन्य जिले से संबंधित पाए गए हैं। इस प्रकार कुल 37 मतदाताओं के दस्तावेज संबंधित जिला राज्य को सत्यापन के लिए प्रेषित किया गया हैं। वर्तमान में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 73-खैरागढ़ के अंतर्गत लॉजिकल एरर से संबंधित 73,429 मतदाता चिन्हित हैं, जिन्हें नोटिस जारी करने की कारवाई प्रचलित है। नोटिस तामिली उपरांत आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनका सत्यापन किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पूर्व पूरा करने के बाद 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में आयुक्त ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध व त्रुटिरहित हो, यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो।

# गरिमामय ढंग से मना छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

## विद्युत वितरण कंपनी की 25वीं वर्षगांठ पर उपभोक्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा छुईखदान स्थित कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान राज्य निर्माण के पश्चात विद्युत क्षेत्र में हुई उपलब्धियों, अधोसंरचना विकास, उपभोक्ता सेवाओं में सुधार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर नियमित रूप से विद्युत बिल का भुगतान करने वाले विभिन्न श्रेणियों के 5-5 आदर्श उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्युत विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना है, ताकि नागरिक अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें।



#### दी गई जानकारी

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ता अपने घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत कर सकते हैं तथा शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

#### उपभोक्ता सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक कोमल जांघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद विद्युत आपूर्ति, बुनियादी ढांचे और उपभोक्ता सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना विद्युत विभाग की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व संसदीय सचिव कोमल जांघेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव, छुईखदान प्रेस क्लब अध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव, समाजसेवी छोटे राजा देवराज किशोर दास, संजय महोबिया, विक्रांत चंद्राकर, पार्षद श्रीमती शैव्या वैष्णव, वरिष्ठ पत्रकार करण सिंह ठाकुर, दुर्गा साहू, ज्ञान यादव, रामसुख साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं विद्युत विभाग की ओर से अभियंता सचिन उत्तरवार, सहायक अभियंता सुश्री मदालसा विश्वकर्मा, कनिष्ठ अभियंता अमन कुमार, सीएल सिहारे सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बापू की पुण्यतिथि पर नशामुक्ति संकल्प दिवस का आयोजन




**खैरागढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी निर्देश और कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर जिले में नशामुक्ति संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के समस्त कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।

जिला कार्यालय परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नशे से होने वाले दुष्प्रभावों व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए नशा न करने की समझाइश दी गई। अंत में सभी को नशामुक्ति का संकल्प एवं शपथ दिलाया गया। जिले के शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत रानी रश्मि देवी महाविद्यालय खैरागढ़, महाविद्यालय छुईखदान, साल्हेवारा, जालबांधा, बाजार अतरिया और शासकीय कन्या विद्यालय खैरागढ़ में भी नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज और समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक कमलेश कुमार पटेल सहित रामअवतार साहू, राकेश कुमार साहू, हेमंत टंडन, अनिल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## बुजबुजी में मां नर्मदा का उद्गम स्थल, पर्यटन की अपार संभावनाएं

# छुईखदान के वनांचल में आस्था और रहस्य का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान विकासखंड मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर पश्चिम दिशा में देवरचा रोड पर स्थित छिंदारी बांध के समीप घोर वनांचल एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र में बसा ग्राम टोपा मडवाभाटा (बुजबुजी) एक प्राचीन धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में अपनी अलग पहचान रखता है। यह ग्राम देवरचा पंचायत का आश्रित ग्राम है।

मान्यताओं के अनुसार, यहीं धरती को चीरते हुए मां नर्मदा का पावन उद्गम हुआ है। इसी स्थल पर भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर भी स्थापित है। इतिहासकारों और स्थानीय बुजुर्गों की मानें तो यह धार्मिक स्थल सैकड़ों वर्ष पुराना है। घने जंगलों से आच्छादित यह क्षेत्र प्राचीन काल में राजा-महाराजाओं का आखेट स्थल रहा है। कहा जाता है कि वे विश्राम और भ्रमण के उद्देश्य से इस क्षेत्र में आया करते थे। आज भी यहाँ महलनुमा हवेलियों के पुराने अवशेष, राजाओं एवं जमींदारों की समाधियां देखी जा सकती हैं, जो इस क्षेत्र के गौरवशाली अतीत की कहानी कहते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इस क्षेत्र की पहाड़ियों में एक लंबी रहस्यमयी सुरंग मौजूद है, जिसके बारे में जानकारी केवल आसपास के ग्रामीणों को ही है। कहा जाता है कि यह सुरंग अमरकंटक तक जाती है, तथा उसी पहाड़ी के ऊपर जल से भरा एक विशाल कुंड भी स्थित है, जो अनेक रहस्यों को समेटे हुए है। मान्यता है कि यहां आज भी साधु-संत गुप्त रूप से आते-जाते रहते हैं। इसी पहाड़ी के अंतिम छोर पर स्थित है प्रसिद्ध गुफा 'मंडिपखोल', जहां प्रतिवर्ष एक बार भव्य मेला आयोजित होता है। इतनी अपार धार्मिक एवं पर्यटन संभावनाओं के बावजूद, यह क्षेत्र आज भी बिजली, पेयजल, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण आदिवासी अंचल के विकास के नाम पर वर्षों से केवल उपेक्षा ही होती रही है।



#### समिति का गठन

क्षेत्र के समग्र विकास एवं पर्यटन मानचित्र में शामिल करने के उद्देश्य से युवा वर्ग द्वारा 'जय भोले बुजबुजी विकास एवं उत्थान समिति' का गठन किया गया है, जो शासन-प्रशासन का ध्यान इस ऐतिहासिक स्थल की ओर आकर्षित कर रही है। बुजबूजी मंदिर समिति के अध्यक्ष कुशल राम कंवर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कार्यक्रम में पधारकर मां बुजबूजी के दर्शन कर पुन्य की भागीदार बने।

#### रीति-रिवाजों का अद्भुत संगम

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा के अवसर पर यहां आदिवासी मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें दूर-दराज के वनांचल क्षेत्रों से आदिवासी महिला-पुरुष अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होते हैं। इस मेले में आदिवासी संस्कृति, नृत्य, परंपरा और रीति-रिवाजों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जो आधुनिक युग में भी लोगों को आकर्षित करने की अद्वितीय क्षमता रखता है।

**नाम परिवर्तन**

मैं पेमिन बाई आयु 37 वर्ष पति सुन्दर लाल मंडावी, जाति- गोड़, ग्राम-सिंगारपुर पो.-अर्जुनी, तहसील- डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) निवासी हूँ। मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्र.-2533 8589 3729 में दर्ज नाम नृत्या मंडावी पिता सुन्दर लाल मंडावी (NITYA MANDAVI D/o. SUNDAR LAL MANDAVI) दर्ज हैं जो कि त्रुटि पूर्ण हैं जबकि जन्म प्रमाण पत्र व शैक्षणिक सभी दस्तावेजो में नाम नृत्या मंडावी पिता सुन्दर लाल मंडावी (NRITYA MANDAVI D/o. SUNDAR LAL MANDAVI) दर्ज हैं, जो कि सही व सत्य है, तथा यही नाम छ.ग. शासन के राजपत्र में प्रकाशन करवाना चाहती हूँ।

अतः आधार कार्ड में दर्ज त्रुटि पूर्ण अग्रेजी नाम NITYA MANDAVI D/o. SUNDAR LAL MANDAVI को सुधार कर सही नाम NRITYA MANDAVI D/o. SUNDAR LAL MANDAVI दर्ज कर राजपत्र में प्रकाशन करने हेतु अनुमति प्रदान किए जाने बाबत् यह आवेदन पत्र श्रीमान जी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

दिनांक :- 28/11/2025
स्थानः डोंगरगांव

- शपथकर्ता -
**श्रीमती पेमिन बाई** पति सुन्दर लाल मंडावी, ग्राम-सिंगारपुर पो.-अर्जुनी, तहसील- डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

## सार समाचार

### 5 दिवसीय योग शिविर 31 तक

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आयुष सोसायटी संचालनालय रायपुर के आदेशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में



आयुष योगा वेलनेस सेंटर, आयुष पॉलीक्लिनिक पानी टंकी के बाजू दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में पांच दिवसीय योग शिविर 27 से 31 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव द्वारा विभिन्न रोग उच्च रक्तचाप, मधुमेह, आर्थराइटिस, मोटापा, पीसीओडी, माइग्रेन, डिप्रेशन जैसे बीमारियों के लिए योग सिखाया जाएगा। योग के साथ षट्कर्म जलनेति, कुंजल क्रिया, नेत्र प्रक्षालन एवं ध्यान सिखाया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### विद्युत कर्मियों ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगाव क्षेत्र के पारीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में भारत के



स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति एवं गांधीजी के पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते दो मिनट का मौन धारणकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता एस.कंवर, केसी खोटे, कार्यपालन अभियंता एडी टंडन, आलोक दुबे, सीमा ढील, सहायक अभियंता हेमराज साहू, उषा साहू, शेषकुमारी साहू, पीआरओ डीएस मंडावी, एसके बक्शी, लेखाधिकारी भावेश वाल्दे, पीआर साहू, अमरलाल चौहान, प्रशासनिक अधिकारी नीरज देवांगन सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा

**राजनांदगांव।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के माता-पिता की स्मृति में लेवर कालोनी मैदान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का



आयोजन किया जा रहा है, जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा प्रारंभ होने से पहले दिन वार्ड के हनुमान मंदिर से कथास्थल लेवर कालोनी दशहरा मैदान के लिए भव्य कलशयात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे के साथ निकली कलश यात्रा में श्री पिल्ले द्वारा सिर में श्रीमद् भागवत पोथी धारण किए हुए थे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए।

### कॉन्फ्लुएंस में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद जयंती अवसर पर एनएसएस इकाई कॉन्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों एवं जीवन दर्शन से प्रेरित करना तथा युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रेरणादायी उद्बोधन, विचार-विमर्श एवं युवा सशक्तिकरण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि "स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। उनका संदेश 'उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रूको मत' आज भी युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भाव की प्रेरणा देता है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक है।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों सौम्या, पूजा, चंदन, विद्या, चन्द्रेश एवं अन्य द्वारा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ ली गई। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ और स्वामी विवेकानंद को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### मंदिर परिसर में खड़ी वाहनों को लगा दी आग

**राजनांदगांव।** जिले में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मंदिर परिसर में खड़ी कई मोटर साइकिलों और स्कूटियों को आग लगा दी। जिससे इलाके में



लोग बहुत आक्रोशित हैं। बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मां शीतला माता मंदिर परिसर में बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मंदिर परिसर में खड़ी कई मोटर साइकिलों और स्कूटियों को आग के हवाले कर दिया। इस आगजनी की घटना से क्षेत्र में भारी दहशत और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिर के आसपास रहने वाले भक्त और स्थानीय निवासी अपनी दोपहिया गाड़ियों को चोरी या अन्य खतरे से बचाने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में ही पार्क किया करते थे। रात के अंधेरे में बदमाशों ने कई वाहनों में आग लगा दिया। जिससे कई वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इस घटना से लोगों के आर्थिक नुकसान के साथ-साथ भावनात्मक आघात भी पहुंचा है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

बसंतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर तत्काल जांच शुरू कर दी। टीम ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को जब्त किया है और उन्हें खंगाल रही है। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

---

निजी अस्पतालों के संचालक चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन

# हड़ताल का असर, निजी अस्पतालों में नहीं हुआ आयुष्मान से इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 7 माह से निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत किए गए इलाज का भुगतान नहीं होने के मामले को लेकर आज निजी अस्पतालों में आयुष्मान से इलाज प्रभावित रहा। निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र बकाया राशि दिलाए जाने मांग की।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत लंबित भुगतान को लेकर निजी अस्पताल में आज आयुष्मान योजना के अंतर्गत किसी भी मरीज का इलाज नहीं हुआ। सांकेतिक विरोध स्वरूप निजी अस्पतालों में मरीज को भर्ती तो किया गया, लेकिन किसी भी मरीज का आयुष्मान योजना से इलाज आज लॉगिन नहीं किया गया। जुलाई माह से आयुष्मान योजना के अंतर्गत किए गए उपचार का भुगतान नहीं होने को लेकर निजी अस्पतालों के संचालक चिकित्सकों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने पहुंचे डॉ. मोहन पारख ने बताया कि छत्तीसगढ़ आईएमएनए और हॉस्पिटल बोर्ड ने आह्वान किया था कि विरोध स्वरूप आज किसी भी मरीज का आयुष्मान लॉगिन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना से आज कोई भी इलाज नहीं किया गया है। मरीज को भर्ती किया गया है, लेकिन योजना का लॉगिन कल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी केवल सांकेतिक रूप से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। आगे जैसा निर्णय होगा, उस अनुसार कार्य किया जाएगा।



**उच्च कार्यालय भेजेंगे ज्ञापन**

इस मामले में नोडल अधिकारी अल्पना लुनिया ने कहा कि आयुष्मान योजना की राशि समय-समय पर अस्पतालों को भुगतान की जाती है। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है, जिसे उच्च अधिकारियों तक भेजा जाएगा और जल्द भुगतान को लेकर प्रयास किया जाएगा।

**शीघ्र राशि भुगतान की मांग**

निजी अस्पतालों के संचालकों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि शीघ्र हस्तक्षेप कर लंबित राशि का जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, ताकि आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को निर्बाध एवं निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान डॉ. मिथिलेश शर्मा, अमिनेश गांधी सहित अन्य मौजूद थे।

**नहीं हो रहा ठोस समाधान**

डॉ. अमित कटारिया ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संबद्ध निजी अस्पतालों को पिछले कई महीनों से भुगतान में अत्याधिक विलंब हो रहा है। इस विषय में पूर्व में भी अनेक बार मौखिक एवं लिखित शिकायतें की जा चुकी है, परंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है। जिससे अस्पताल का संचालन दवाइयों, स्टाफ वेतन, उपयोगी सामग्री एवं अन्य आवश्यक खर्चों पर निर्भर करता है और बिना समय पर भुगतान के अस्पताल चलाना व्यवहारिक रूप से असंभव हो गया है।

---

## गांधी और शहीदों को मौन श्रद्धांजलि



■ अधिकारी-कर्मचारियों ने भरा संकल्प पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं वीर शहीदों की स्मृति में नगर निगम द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर उनके योगदानों का स्मरण कर नशामुक्ति के संबंध में शपथ लेकर संकल्प पत्र भरा।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर सभागृह में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी द्वारा नशा मुक्ति के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाते संकल्प पत्र भराया गया। श्रद्धांजलि सभा में सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## ट्रेन में यात्रियों को किया परेशान

■ चार किन्नरों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुपर फास्ट एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रियों को किन्नरों द्वारा जबरन पैसों की मांग करने की शिकायत मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चार किन्नरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।रेलवे पुलिस फोर्स सूत्रों के अनुसार 29 जनवरी को रेल मदद के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 22816 बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के आगे के जनरल कोच में कुछ किन्नर यात्रियों से जबरन पैसे मांग रहे हैं।



प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव प्रभारी निरीक्षक तरुणा साहू के नेतृत्व में तत्काल शिकायतकर्ता से संपर्क किया गया, जिन्होंने अपना नाम रोमेश कुमार बताया तथा बताया कि वे अपने परिवार के साथ गोंदिया से रायपुर की यात्रा कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए गाड़ी के राजनांदगांव स्टेशन प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 पर आगमन पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव द्वारा उप निरीक्षक के. प्रसाद एवं स्टाफ के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जनरल कोच की जांच की गई। जांच के दौरान कोच में घूम-घूमकर अवैध रूप से पैसे मांग रहे चार किन्नरों मधु, सोनाली, काजल व ढिल्लू सभी साईं नगर दुर्ग निवासी को उतारकर जांच हेतु रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव लाया गया। चारो को बिना टिकट पाकर कार्यरत टीटी को मेमो देकर चारों से इएफटी टिकट बनाया गया । साथ ही यात्रियों को परेशान कर पैसे वसूलने के अपराध में उक्त चारों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 145(बी) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

---

## मुंगेली से आकर माहभर से भटक रही वृद्धा को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुंगेली क्षेत्र के ग्राम पथरिया से भटककर यहां पहुंची बुजुर्ग महिला की जानकारी होने पर बसंतपुर पुलिस ने उसके परिजनों की पतासाजी कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। बुजुर्ग महिला के मिलने से परिजनों में हर्ष का माहौल है। इसके लिए पुलिस के कार्य की सराहना की गई।

टीआई एमन साहू ने बताया कि 28 जनवरी को रात्रि लगभग 11 बजे पेट्रोलिंग के दौरान थाना बसंतपुर की पेट्रोलिंग पार्टी को प्रभात नगर वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि लगभग 70 वर्ष की एक वृद्ध महिला लालबाग सिंधी कॉलोनी रॉयल किड्स स्कूल के पास सड़क किनारे अकेली अवस्था में लेटी हुई है।



**मुंगेली से भटककर आई**

इस सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा तस्दीक की गई, जहां एक वृद्ध महिला लालबाग-प्रभात नगर रोड पर अकेली अवस्था में पाई गई। पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम शीतला यादव पति कमीशन यादव 74 वर्ष निवासी ग्राम पथरिया जिला मुंगेली बताया। महिला ने बताया कि वह लगभग 25-30 दिनों से अपने घर से भटकते हुए यहां तक आ गई है।

**परिजनों की पहचान कर संपर्क साधा**

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को अवगत कराकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर स्थानीय वार्डवासियों एवं नगरवासियों के सहयोग से वृद्ध महिला की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की गई।जिसके माध्यम से महिला के परिजनों की पहचान हुई। इसके पश्चात महिला के भतीजे सुखलाल यादव से मोबाइल द्वारा संपर्क किया गया, जिन्होंने रात्रि होने के कारण तत्काल राजनांदगांव पहुंचने में असमर्थता जताई। इस दौरान वृद्ध महिला के लिए भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था की गई तथा नगर निगम के आश्रय स्थल में सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया गया। संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराई गई।

---

## मनरेगा, धान खरीदी को लेकर चक्काजाम

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, भाजपा सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की बलिदान दिवस के अवसर पर 30 जनवरी को कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एवं प्रदेश के किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग को लेकर सांकेतिक चक्काजाम किया गया। इस दौरान धान खरीदी में उपजी अव्यवस्था, किसानों को संदेही मानने जैसे दुर्व्यवहार पर भी कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि सत्तालोलुप भाजपा किसान, मजदूर, गरीब का दर्द नहीं जानती। ग्रामीण मजदूरों से मनरेगा की रोजगार गारंटी और आजीविका छीनी जा रही है।

इस प्रदर्शन के दौरान कमलजीत सिंह पिंटू, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, अशोक फड़नवीस, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, विनय झा, प्रवीण मेश्राम, माया शर्मा, अमर झा, राजा तिवारी, मोहनी भारती,झम्मन देवांगन, गोपी रजक, आफताब अहमद, मामराज अग्रवाल, सुरेंद्र देवांगन, दुलारी साहू, राजिक सोलंकी, सचिन तुराहटे, मोहन साहू, देवेश वैष्णव, अभिमन्यु मिश्रा, करीम मेमन, कादिर कुरैशी, वीरेंद्र चंद्राकर, पींकू खान, बंटी यादव, समीर द्विवेदी, राजा यादव,रूपेश साहू, अब्बास खान, केवल राम साहू, प्रमोद बागड़ी, मनीष अग्रवाल, गजेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**समर्थकों का बढ़ाया उत्साह**

राजनांदगांव शहर में उत्तर व दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अलग-अलग दो स्थानों पर आयोजनों में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। दोनों स्थानों पर धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार पहुंचे और कार्यकर्ताओं, किसानों और समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

**सुरक्षा बल रहा तैनात**

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन भानुशाली के नेतृत्व में कन्हारपुरी मोड़, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण साहू के नेतृत्व में हल्दी में प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने दमखम के साथ चक्काजाम किया। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पहले ही बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए थे।

---

## विधि के छात्रों को मिलेंगे स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में कानून की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए अब स्वर्ण पदक की सौगात गौरवान्वित करने वाली होगी। यह पहल करते नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता रहे स्व. जगतनारायण शुक्ल के पुत्रों विवेक शुक्ल तथा विकास शुक्ल के साथ उनके पौत्र वैभव शुक्ल ने नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल एवं प्रशासक डॉ. आरएन सिंह को पदकों के लिए जरूरी राशि का चेक सौंपा।

जगतनारायण शुक्ल कैलाश नगर के परिजनों ने शिक्षा जगत में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपने पूज्य पिता एवं माता की स्मृति में स्वर्ण पदक प्रदान करने की घोषणा की है। दिवंगत शुक्ल दंपत्ति के सुपुत्र विवेक शुक्ल, विकास शुक्ल एवं पौत्र वैभव शुक्ल ने नांदगांव शिक्षा मंडल के प्रतिनिधि मंडल के समक्ष अपनी मंशा प्रकट की। उल्लेखनीय है कि स्वयं श्री शुक्ल के वरिष्ठ पुत्र विवेक शुक्ल ने विधि की परीक्षा में 1991 में प्रथम आने का गौरव पाया था।



उन्होंने नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल, प्रशासक डॉ. आरएन सिंह एवं सदस्य जितेंद्र मिश्र, सचिन अग्रहरि एवं छत्तीसगढ़ एथलीट महासंघ के उपाध्यक्ष रणविजय प्रताप सिंह की उपस्थिति में जरूरी राशि का चेक प्रदान किया।

श्री शुक्ल के पुत्रों ने बताया कि स्व. जगतनारायण शुक्ल एवं विमलेश शुक्ल की स्मृति में दो स्वर्ण पदक क्रमशः विधि स्नातक में प्रथम आने वाले छात्र एवं प्रथम आने वाली छात्रा को आगामी सत्र से प्रदान किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में इस योगदान के लिए नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने शुक्ल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

## लापरवाह ठेकेदारों को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री यादव ने निर्माण विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने पूर्व वर्षों में स्वीकृत निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर के कार्य नागरिकों की जरूरत और आवश्यकता के आधार पर स्वीकृत किए जाते हैं। ऐसे कार्यों में ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण स्तर के निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बाद अविलंब कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की स्वीकृति के बाद उसे शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण होना चाहिए। जिससे जनसामान्य को समय पर निर्माण कार्य का लाभ मिल सके।



**लगातार करें मॉनिटरिंग**

कलेक्टर श्री यादव ने सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य स्वीकृति के बाद उसे शीघ्र शुरू कराना चाहिए।

**कलेक्टर ने जाहिर की नाराजगी**

उन्होंने ठेकेदार संजय सिंघी के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति एवं समय पर कार्य पूर्ण न होने पर नाराजगी जाहिर की। निर्माण कार्यों की निविदा मिलने के बाद ठेकेदारों द्वारा लापरवाही एवं कार्य प्रारंभ नहीं करने पर संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को नियमित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिससे निर्माणाधीन कार्यों में तेजी आएगी और गुणवत्ता बनी रहेगी। उन्होंने छोटे एवं पुराने विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

**प्रदर्शन : राष्ट्रीय राजमार्ग रहा घंटों जाम, सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता हुए शामिल**

# धान खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग कांग्रेस ने किया सांकेतिक चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏩बोड़ला

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शक्रवार को बोड़ला के मिलन चौक में धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा सांकेतिक चक्काजाम किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष छवि वर्मा ने किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के सभी विकासखंडों में एक साथ धान खरीदी को लेकर सांकेतिक चक्काजाम किया गया। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण किसान गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं और धान खरीदी की तिथि बढ़ाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से शासन पर दबाव बनाने के लिए यह आंदोलन किया गया।

बोड़ला नगर के तहसील एवं एसडीएम कार्यालय के सामने स्थित मिलन चौक पर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में करीब दो घंटे तक चक्काजाम रहा। इस दौरान लगभग एक किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्री बसों सहित छोटी गाड़ियों की आवाजाही पूरी तरह ठप रही। हालांकि एंबुलेंस, परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों एवं दिव्यांगजनों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए आने-जाने की अनुमति दी गई। इस दौरान कबीरधाम जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा भी चक्काजाम में फंस गए। वे अपनी गाड़ी खड़ी कर पैदल ही आगे बढ़ते हुए नजर आए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनकी कोई बातचीत नहीं हुई।

इस संबंध में जब पत्रकारों ने जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि किसानों के ज्वलंत मुद्दे पर प्रशासन की प्रतिक्रिया उनके विवेक पर निर्भर करती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी आज सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है। इसके अलावा सहकारी समितियों में चूहों द्वारा करोड़ों रुपए का धान नुकसान किए जाने का मामला भी गंभीर है, जिसको लेकर सरकार और प्रशासन को घेरा गया।



### कुण्डा बाजार चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया चक्का जाम व धरना-प्रदर्शन



**कुण्डा।** क्षेत्र में ग्रामीण किसानों की समस्या कों लेकर कांग्रेस कामेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर एवं ब्लॉक समन्वयक प्रशांत परिहार के निर्देश व मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा के नेतृत्व में कुण्डा बाजार चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एक दिवसीय चक्का जाम व धरना-प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन किसानों की समस्याओं को लेकर आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख समस्याएं धान खरीदी में आ रही परेशानियों एवं धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग प्रमुख रही। जिस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शासन प्रशासन से मांग की कि जिन किसानों के टोकन अभी तक नहीं कट पाए हैं, उन्हें धान बेचने का अवसर दिया जाए ताकि कोई भी किसान वंचित न रहे। साथ ही साथ धरना-प्रदर्शन के दौरान मनरेगा के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में शुरू की गई इस मनरेगा योजना गरीब किसानों एवं मजदूरों के लिए वरदान रही है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को 100 दिन का रोजगार मिलता था। लेकिन वर्तमान में इस योजना को कमजोर किया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि मनरेगा योजना को यथावत रखा जाए और गरीबों को उनका अधिकार मिले। इस ब्लॉक मुख्यालयों में चक्का जाम व विरोध प्रदर्शन में उत्तरा दिवाकर, प्रशांत परिहार, प्रमोद पात्रे, सुमित पाल खनूजा, राजेश चंद्रवंशी, बद्री खांडे, रामावतार सिंगरौल, भरत साहू, शिव कुमार चौहान, अंशु साहू, सेलेश दिवाकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# सूंदूर वनांचल क्षेत्र में क्रिकेट व कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

- समापन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक भावना बोहरा।

हरिभूमि न्यूज ⏩कुई कुकदूर



पंडरिया विधानसभा के वनांचल एवं आदिवासी ग्राम पंचायत महीडबरा के आश्रित ग्राम कुशियारी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह तथा ग्राम कड़मा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विजयी टीमों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

विधायक ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणजनों से मिलने वाला स्नेह और आर्शीवाद उन्हें अपने जनप्रतिनिधि के दायित्वों के निर्वहन हेतु निरंतर प्रेरणा और ऊर्जा देता है। इस प्रतियोगिता में आसपास के 16 ग्रामों की टीमों ने सहभागिता की जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### श्री रुद्र महायज्ञ व शिव कथा का आयोजन 3 फरवरी से



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम कोलेगांव में लगातार 15 वर्षो से रूद्र महायज्ञ व श्रीशिव कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। वहीं कोलेगांव में इस बार भी 3 से 11 फरवरी तक श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा का आयोजन होने जा रहा है, समस्त ग्रामवासी के सहयोग से तैयारियां जोर-शोर से किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 फरवरी से जल यात्रा पंचांग पूजन मंडप प्रवेश, 4 फरवरी को वैदिक स्थापना अरडी मंथन आहुति प्रारंभ एवं 11 फरवरी को यज्ञ पूर्णाहुति सहशस्त्रधारा महा आरती शोभा यात्रा ब्राह्मण भोज कराया जाएगा। जिसमें यज्ञाचार्य पं. योगेश्वर दुबे पंडरिया व उपाचार्य वेदाचार्य पं. महेश्वर प्रसाद द्विवेदी कारेसरा तथा श्री रूद्र महायज्ञ श्री शिव कथा का प्रवक्ता पं. सागर मिश्रा पांडातराई, श्रीमती रश्मि शास्त्री झांसी मध्य प्रदेश, सुश्री आर्य त्रिपाठी बटूराकछार प्रवक्ता द्वारा भक्तजनों को कथा रसपान कराया जाएगा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार माताओं-बहनों द्वारा 3 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें आसपास क्षेत्र के माताओं बहनों में भारी उत्साह व भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

# जिला स्तरीय वीबी जी राम जी योजना कार्यशाला का आयोजन

## जनता को जागरूक बनाने का लिया संकल्प




हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को वीबी जी राम जी योजना को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विकासोन्मुख व जनकल्याणकारी स्वरूप पर हुई विस्तृत चर्चा को जन-जन तक पहुंचाने कायकर्ताओं से कहा गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा वीबी जी राम जी योजना विकसित भारत के लिए सिर्फ राहत ही नहीं, विकास आधारित योजनाओं में एक है ऐसी योजनाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा मनरेगा पहले केवल सौ दिन की रोजगार हुआ करती थी, अब 125 दिन की ग्रामीण रोजगार व अधोसंरचना योजनाओं के साथ विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीणों को वृहत लाभ देने वाला होगा। उन्होंने विपक्ष के भ्रम और झूठ की नीति का जिक्र करते हुए कहा, उनकी सरकारों में मनरेगा से होने वाली काली कमाई अब रुक जाएगी, इसलिए विपक्ष के पेट में दर्द तो होना ही था।

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा 2014 के बाद इन 11 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने पिछली 70 वर्ष की सरकारों से अधिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग नाम बदलने का रोना रो रहे हैं, उन्होंने पहले अनेकों बार इस योजना का नाम नेहरू से बदला, फिर गांधी के नाम पर किया और ऐसे ही 600 से अधिक योजनाएं, कांग्रेस सरकारों ने गांधी परिवार के नाम पर किए हैं। कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष परेटन वर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, अशोक चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, जयराम साहू, महामंत्री नितेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमंग पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी व नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व जिला सयोजक सोशल मीडिया गजेंद्र तम्बोली व संगठन के पदाधिकारी सभी मंडल के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित थें।

**सरकार के कार्य को जनता के बीच पहुंचाना हमारा दायित्व**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भापजा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा हमारा दायित्व है कि सरकार के इस अच्छे कार्य को जनता के बीच पहुंचाना ताकि ग्रामीणों को रोजगार गारंटी की इस विकासपरक योजना की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा योजना के पहले दिन से ही जागरूक जनता, इसमें बढ़ चढ़कर भागीदारी करें। उन्होंने कहा आगामी 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक-एक कार्यकर्ताओं को प्रवास करने पर जोर दिया।

# पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस ने किया मनरेगा बचाओ संग्राम धरना प्रदर्शन व चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏩पंडरिया



पंडरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शुक्रवार को गांधी चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पंडरिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा योजना को बंद करने का प्रयास कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा योजना को बचाने के लिए संघर्ष करेगी और इसके लिए हर संभव प्रयास करेगी। साथ ही धान खरीदी को लेकर जिस प्रकार सरकार का रवैया और मंशा नहीं है कि किसान का धान ले अभी भी पंडरिया व कवर्धा में हजारों किसान का धान नहीं बिका है और शनिवार 31 जनवरी 2026 को धान खरीदी का समापन दिवस है। सांकेतिक चक्काजाम कर धान खरीदी के बढ़ोतरी के लिए कर रहे है। जिससे किसान का धान नहीं बिका है, उन सभी किसानों का धान खरीदी को लेकर प्रशासन से यह मांग करते है कि धान खरीदी तिथि में बढ़ोतरी की जाएं। इस दौरान कांग्रेस के सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी धरना प्रदर्शन को संबोधित किया। मनरेगा ब्लॉक समन्वयक मनीष शर्मा की उपस्थिति सभी मण्डल अध्यक्ष और वरिष्ठजन राधेलाल भास्कर, पारस बंगानी, निर्मल सलूजा, काशीनाथ ठाकुर, आनंद सिंह ठाकुर, दिनेश कोसरिया, संजू तिवारी ने संचालन किया गया वहीं गौतम शर्मा, जीतराम चंद्रवंशी, युवा कांग्रेस चंद्रभान कोसले सहित भारी संख्या मे कांग्रेस वरिष्ठजन पण्डरिया, पाण्डातराई के पार्षद गण व युवा इस धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# उमंग पाण्डेय बने भाजयुमो जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देवी एवं युवा भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के द्वारा भाजयुमो जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई। जिसमे कवर्धा के युवा नेता पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से निरंतर छात्र राजनीति करते हुए 2 पंचवर्षीय पार्षद रहे, नेता प्रतिपक्ष सभापति रहे उमंग पाण्डेय को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जिला संगठन द्वारा शुक्रवार सुबह यह घोषणा होते ही कार्यकर्ता व युवाओं में उत्साह का वातावरण है, चुंकि भाजयुमो जिला अध्यक्ष एक महत्वपूर्ण दायित्व है जिसको जिले के प्रत्येक पार्टी कार्यो की युवाओं की जिम्मेदारी होती है। उमंग पाण्डेय पूर्व में दो बार के पार्षद, सभापति प्रदेश जिला भाजयुमो प्रभारी के रूप में भी रह चुके है, सामाजिक कार्य, विभिन्न सार्वजनिक आयोजनों में भी उमंग अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे, लम्बे समय से राजनीति में उनकी सक्रिय भूमिका और पार्टी कार्य के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौपा गया है। इस दायित्व के साथ शीर्ष पार्टी नेता, छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी व संगठन के पदाधिकारियो ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नवघटा में 26 जनवरी 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

शासकीय पूर्व व हाई स्कूल नवघटा में हर्षोल्लास के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि डॉ राजेंद्र चंद्रवंशी ने मां सरस्वती के तैलचित्र में पूजा अर्चना कर ध्वजा रोहण किया गया। इस दौरान शाला समिति अध्यक्ष तुलसी राम साहू, उपाध्यक्ष भागवत चंद्रवंशी, पंच रामेश्वर साहू, योगदत्त साहू एवं हाईस्कूल के प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित गणमान्य नागरिक व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों का चयन



**हरिभूमि कवर्धा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69 वां शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल सीनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर महाराष्ट्र में 30 जनवरी से 03 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गो की टीम सम्मिलित हो रही है जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालक टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से श्रवण सिंह राजपूत एवं बालिका वर्ग में विनीता यादव का चयन हुआ है साथ ही कोच के रूप में दिनेश वर्गीस एवं मृत्युंजय शर्मा व्यायाम शिक्षक का हुआ है जो 28 जनवरी को बिलासपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इन खिलाड़ियों का चयन अक्टूबर माह में रायगढ़ में आयोजित हुए राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में दुर्ग जोन के द्वारा बालक वर्ग में स्वर्ण पदक एवं बालिका वर्ग में रजत पदक लगाया गया था, जिनमें इन दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिसके आधार पर इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है जो जिले के लिए गौरव की बात है। वहीं महाराष्ट्र में आयोजित सीनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करेंगे। श्रवण राजपूत नगर के प्रतिष्ठित संस्थान अशोका पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वी के छात्र है, वही विनीता यादव शासकीय उच्चत्तर हॉयर स्कूल मोहगांव की छात्रा है इन दोनों खिलाड़ियों का यह पहला राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। जिस पर अकेडमी के दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में चयनित होने के अवसर पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला वनमण्डल निखिल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मेन्द्र सिंह, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू, दिनेश वर्गीस, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त स्टॉप ने बधाई एवं उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

### तान्या मरावी को मिला ऊर्जस्विता वीमेन एम्पावरमेंट अवार्ड



**हरिभूमि कोलेगांव।** भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की सहायक डारेक्टर व छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय गोंड़ चित्रकार सुश्री तान्या मरावी को ऊर्जस्विता वीमेन एम्पावरमेंट अवार्ड 2026 से सम्मानित मध्य प्रदेश की पावन धरा और राजधानी भोपाल मे था, जिसमें सुश्री तान्या मरावी को उनकी कला और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ऊर्जस्विता वीमेन एम्पावरमेंट अवार्ड 2026 से नवाजा गया है। यह सम्मान अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी तथा होटल मैनेजमेंट संस्थान आईएचएम, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है। तान्या मरावी भोरमदेव आदिवासी चितरे फाउंडेशन के माध्यम से आदिवासी कला के संरक्षण में जुटी हुई हैं। उन्होंने अब तक 150 से अधिक छात्राओं को प्रशिक्षण देकर उनमें कला के प्रति अलख जगाई है। उनके द्वारा स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर बनाए गए गोंड़ चित्र स्थानीय कहानियों और परंपराओं को जीवंत कर रहे हैं। फाउंडेशन के डायरेक्टर बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि तान्या का यह सम्मान छत्तीसगढ़ की जनजातीय कला और उन सभी महिलाओं की जीत है जो अपनी संस्कृति को सहेजने का कार्य कर रही हैं। तान्या का लक्ष्य गोंड़ कला की समृद्ध विरासत को विश्व पटल पर लाना और ग्रामीण प्रतिभाओं को मुख्यधारा से जोडना है। संस्था के रिटायर आई एफ एस अधिकारी व भारत भवन भोपाल जनजातीय कला एवं मेकर डारेक्टर एके भट्टाचार्य ने अवार्ड के लिए चयनित किया उसके लिए आभार व्यक्त किया, बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने और कहा ये छत्तीसगढ़ की बेटियों की मेहनत रंग लाया। कृति चद्रवंशी, मानसी चंद्रावंशी, दिप्ती मानिकपुरी, सुश्री स्वाती राजवाडे, अभिषेक स्वामी, तुषार मरावी, गोवर्धन सिंह मरकाम, श्रीमती धनेश्वरी विश्वकर्मा, डॉ असलम शेख व डॉ श्याम दिवाकर ने फोन से बधाई दिया और कबीरधाम जिला अध्यक्ष लिलाधर नेताम, सुंदर सिंह मरावी, प्रभात विश्वकर्मा, और शिवम पटेल, लता साहू, श्वेता वर्मा, महेश साहू, भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दिया। अपनी कला से हमारी संस्कृति को नई ऊंचाइयां देने और सैकड़ों युवाओं को प्रेरित करने वाली तान्या को इस शानदार उपलब्धि के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। फाउंडेशन की नई पहल बहुत जल्दी शुरू होने वाला हैं भोरमदेव के बैगा जनजातीयों को द भोरमदेव बैगा आर्ट व राष्ट्रीय गोंड़ आर्ट का प्रशिक्षण देने का काम चालू होने वाला है, यह जानकारी भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के डारेक्टर और अंतराष्ट्रीय चित्रकार व राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्ड विजेता बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने दिया

**ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की**

# सीसी रोड निर्माण में लापरवाही, पक्की नाली व ढोल पाइप नहीं लगाने से जलभराव, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩बरबसपुर



विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में गलियों में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृति मिलते ही ग्राम पंचायत की सरपंच द्वारा सीसी रोड का निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन नाली निर्माण एवं ढोल पाइप लगाना भूल गया। जिस पर ग्राम निवासी नरेश चंद्रवंशी एवं सुखदेव सिंह ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों ने मांग की है कि सीसी रोड के दोनों किनारों में शीघ्र नाली निर्माण एवं आवश्यक स्थानों पर ढोल पाइप लगाया जाए, ताकि घरों से निकलने वाले गंदे पानी की समुचित निकासी हो सके। नाली और ढोल पाइप के अभाव में घरों से निकलने वाली गंदा पानी सीसी रोड के बीचों-बीच जलभराव की स्थिति निर्मित होने से एक ओर नव-निर्मित सीसी रोड जल्द ही जर्जर व बदहाल होने की आशंका है, वहीं दूसरी ओर राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या की ओर अब तक जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया है, जबकि जिम्मेदारों को तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए ताकि ग्रामीण रहवासियों को सुविधा मिल सकें।



**खबर संक्षेप**



## जागरूकता रथ को डिप्टी सीएम ने किया रवाना

**बोड़ला।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हिन्दू संगम बोड़ला परिसर से बाल विवाह मुक्ति रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ क्षेत्र में बाल विवाह मुक्त भारत के संदेश जन जन तक पहुंचाएगा। जिसके तहत बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों तथा इसमें लिप्त लोगों के लिए सजा के प्रावधान से अवगत कराएगा। इस अवसर पर नितेश अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नन्द श्रीवास, जिला पंचायत सभापति डॉ वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य रूपसिंह धुर्वे, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, सभापति मनीराम साहू, मोहन धुर्वे, बरसाती राम, कांशीराम उइके, कार्यक्रम प्रबंधक सत्यप्रकाश साहू उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनी



**कवर्धा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर उन्हें नमन किया गया। पूर्वान्ह 11 बजे जिला कलेक्ट्रोरेट प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर गांधी जी की प्रतिमा के सामने दो मिनट का मौन धारण किया तथा भारत के स्वंतत्रता संग्राम में उनके बलिदानों को स्मरण किया गया। अपर कलेक्टर व प्रभारी जिला पंचायत सीईओं विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा ने सबसे पहले गांधी जी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्टोरेट और जिले के सभी कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा बापू का पुण्य स्मरण किया और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

## आत्मानंद स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कवर्धा।** स्थानीय दुर्गावती चौक पर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में गत दिनों को विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस के अवसर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजा पीयूष टाटिया के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बद्री जायसवाल ने की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राजा पीयूष टाटिया ने विद्यार्थियों को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि भारत का संविधान जात पात, ऊँच नीच, अमीर गरीब व किसी भी तरह के भेदभाव से परे हर देशवासी को सम्मानपूर्वक स्वतंत्रता से जीने का अधिकार देता है। पीयूष ने आगे कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए संविधान पर चलकर ही भारत आज दुनिया के अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा है। दोपहर को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर शशि कपूर परिहार ने की।

## स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम संपन्न

**कवर्धा।** पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम अंतर्गत आज पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पिपरिया एवं पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सहसपुर लोहारा में मृदा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मृदा स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियॉ जैसे मृदा नमूना एकत्रीकरण, मृदा विश्लेषण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्व, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# अंधे कत्ल का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, कुंए में मिली थी युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के थाना लोहारा अंतर्गत ग्राम पैलपार में गत 27 जनवरी 2026 को खेत के कुएं में एक युवक के शव मिलने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने अंधे कत्ल की इस गुत्थी को सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 07/2026 धारा 103(1), 238(बी) बीएनएस पंजीबद्ध कार्यवाही की गई है। गौरतलब है कि गत 27 जनवरी को सुमित जैन के खेत स्थित कुएं में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई गई, जिसकी पहचान किशन उर्फ पाव वर्मा आयु 25 वर्ष, निवासी ढेकापुर के रूप में हुई। शव की स्थिति और बंधे हुए ईंट-कांक्रीट लगे पत्थर से प्रथम दृष्टया स्पष्ट हो गया कि हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को कुएं में फेंका गया है। इस पर थाना लोहारा में अपराध क्रमांक 07/2026 धारा 103(1), 238(बी) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत अलग-अलग टीम बनाकर जांच शुरू की। मृतक की गतिविधियों, संपर्कों और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ते हुए संदिग्धों को हिरासत में लेकर लगातार पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने हत्या करना स्वीकार किया। इस मामले में पुलिस घटना में शामिल आरोपी प्रकाश धुर्वे पिता शत्रुहन धुर्वे उम्र 25 वर्ष, उमेश उर्फ लक्की राजपूत पिता विनोद उम्र 20 वर्ष तथा खेमलाल उर्फ ईशु निषाद पिता घनश्याम निषाद उम्र 20 वर्ष सभी निवासी वार्ड क्रमांक 09, थान खम्हरिया, जिला बेमेतरा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण में तीन अपचारी बालक भी संलिप्त पाए गए हैं, जिन्हें पृथक से माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

### आरोपियों ने पूछताछ में किया हत्या का खुलासा



आरोपियों ने बताया कि 05 जनवरी 2026 को थान खम्हरिया स्थित शराब भट्ठी के पास चखना दुकान के समीप मृतक किशन वर्मा को अकेला देखकर हत्या की योजना बनाई गई। पहले उसी स्थान पर हाथ-मुक्कों और लातों से मारपीट की गई, फिर राम धुर्वे द्वारा चाकू से वार किया गया, जिससे मृतक बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। इसके बाद उसे देवेन्द्र कुंभकार की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-07-बीव्ही 8064 में बैठाकर पैलपार मुक्तिधाम के पास ले जाया गया। मुक्तिधाम के समीप सुनसान स्थान पर प्रकाश धुर्वे द्वारा लाए गए लकड़ी के बत्ते से सभी आरोपियों ने बारी-बारी से मृतक पर प्राणघातक हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या के बाद शव को सुमित जैन के खेत स्थित कुएं तक घसीटकर ले जाया गया, जहां ईंट-कांक्रीट लगे भारी पत्थर को रस्सी से बांधकर शव के साथ कुएं में फेंक दिया गया ताकि पहचान न हो सके और अपराध छुपाया जा सके।

### आरोपियों से कराया गया घटना का रिक्रिएशन

पुलिस द्वारा आरोपियों को घटना स्थल पर ले जाकर पूरी घटना का रिक्रिएशन कराया गया, जहां यह स्पष्ट हुआ कि हत्या कहां की गई और शव को कहां व किस तरह कुएं में फेंका गया। पूछताछ के आधार पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का बत्ता, चाकू, मोटरसाइकिल एवं रस्सी जप्त की गई। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़ों को उन्होंने जला कर नष्ट कर दिया था। उक्त संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा, साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान एवं चौकी प्रभारी रणवीरपुर उप निरीक्षक सिकंदर कुर्रे के नेतृत्व में की गई।

**हमला:** पारिवारिक विवाद के बीच सगे भाई ने किया हमला, पीड़िता अस्पताल में भर्ती

# महिला कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष पर हंसिया से प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले में एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष गंगोत्री योगी पर उनके ही सगे भाई ने जानलेवा हमला कर दिया। सब्जी काटने वाले हंसिया से किए गए ताबड़तोड़ वार में गंगोत्री योगी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 27 जनवरी की शाम पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव की है। गंगोत्री योगी अपने बड़े भाई नेम नाथ योगी के घर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। इसी दौरान किसी घरेलू बात को लेकर नेम नाथ योगी और उसकी पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। झगड़ा बढ़ता देख गंगोत्री योगी ने दोनों के बीच हस्तक्षेप कर विवाद शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन यह प्रयास उनके लिए घातक साबित हुआ। बताया जा रहा है कि बहन द्वारा बीच-बचाव करने से आरोपी नेम नाथ योगी बुरी तरह आक्रोशित हो गया। गुस्से में उसने पास में रखे सब्जी काटने वाले हंसिया को उठाया और अचानक गंगोत्री योगी पर हमला कर दिया। हमले में उनके सिर, चेहरे, हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना के दौरान मौजूद परिजन कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल घायल गंगोत्री योगी को उपचार के लिए कवर्धा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत अब स्थिर है, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें निगरानी में रखा गया है।

### घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार



घटना के दूसरे दिन सुबह परिजनों की शिकायत पर पिपरिया थाना में आरोपी नेम नाथ योगी के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पिपरिया थाना प्रभारी अमित कश्यप ने बताया कि महिला पर हंसिया से हमला किए जाने का मामला गंभीर है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर पारिवारिक विवादों में बढ़ती हिंसा की चिंता को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

# शराब पीकर सार्वजनिक अभद्रता करने वाला आरक्षक बर्खास्त

- जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई विभागीय कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस ने वर्दी की गरिमा से खिलवाड़ और अनुशासनहीनता के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए एक और कड़ा संदेश दिया है। वर्दी धारण कर सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन, आम नागरिकों से अभद्र व्यवहार और बार-बार अनुशासनहीनता के दोषी पाए गए आरक्षक क्रमांक 126 अभिषेक लकड़ा, रक्षित केन्द्र कबीरधाम को सेवा से पदच्युत कर दिया गया है।

आरक्षक के विरुद्ध विभागीय जांच की गई, जिसमें जांच प्रक्रिया पूरी तरह नियमसम्मत, निष्पक्ष और पारदर्शी रही। जांच में यह तथ्य पूर्ण रूप से प्रमाणित हुआ कि 30 अप्रैल 2025 को संबंधित आरक्षक वर्दी में शराब का सेवन कर सरस्वती शो-रूम, कवर्धा पहुंचा और वहां कर्मचारियों, आम नागरिकों एवं राहगीरों के साथ अशिष्ट, अमर्यादित एवं अनुशासनहीन व्यवहार किया।

शो-रूम संचालक से सूचना मिलने पर थाना कवर्धा पुलिस द्वारा तत्काल तस्दीक कराई गई, जहां आरक्षक अत्यधिक नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करता पाया गया। समझाइश के बावजूद उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे थाना लाया गया और जिला अस्पताल में कराए गए चिकित्सकीय परीक्षण में अत्यधिक नशे की स्पष्ट पुष्टि हुई।

विभागीय जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित आरक्षक अल्प सेवाकाल में ही लगातार शराब सेवन, अनधिकृत अनुपस्थिति और अनुशासनहीन आचरण का दोषी रहा है। पूर्व में उसे 7 बार निंदा की सजा तथा 2 बार आगामी देय एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने का दंड दिया जा चुका था, इसके बावजूद उसके आचरण में कोई सुधार नहीं आया।

जांच अधिकारी द्वारा अभियोजन साक्ष्य, दस्तावेजी प्रमाण और अभिलेखों के गहन परीक्षण के बाद आरोपों को पूर्णतः प्रमाणित पाया गया। पुलिस जैसे अनुशासित बल में रहते हुए सार्वजनिक स्थान पर नशे की हालत में अशोभनीय व्यवहार करना और जनता के बीच पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचाना गंभीर कदाचार की श्रेणी में माना गया, जिसे सेवा में बने रहने योग्य नहीं समझा गया। इसी आधार पर आरक्षक 126 अभिषेक लकड़ा को सेवा से पदच्युत करने की कठोर कार्रवाई की गई।

## वनांचल ग्राम कामठी में श्री राम कथा की गूंज, श्रोता मंत्र मुग्ध

**कोदवागोडान।** ग्राम कामठी (पण्डरिया) के बाजार चौक में आयोजित पाँच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। 29 जनवरी से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक महोत्सव 2 फरवरी तक चलेगा। आज कथा के मुख्य सत्र से पूर्व, जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य जी की शिष्या और राष्ट्रीय प्रवक्ता (मानस मणि) साध्वी पं. नीलम गायत्री जी का ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के वरिष्ठ जनों द्वारा भावभीना स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने हरि कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ साध्वी जी की अगवानी की। पुष्प वर्षा और पारंपरिक हरिकीर्तन के बीच उन्हें ससम्मान मानस मंच तक लाया गया। मंच पर विराजमान होते ही साध्वी नीलम गायत्री जी ने अपनी कर्णप्रिय और ओजस्वी वाणी से कथा का रसपान कराना प्रारंभ किया। आज के प्रसंग में उन्होंने विशेष रूप से राम अवतार के विभिन्न कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि, जब-जब होइ धरम कै हानी, बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी अर्थात जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब प्रभु अवतार लेते हैं। उन्होंने राम जन्म के हेतु अनेका पर बोलते हुए तुलसीकृत रामायण में वर्णित श्री राम जी के अवतार के कारणों पर प्रकाश डाला। साध्वी जी ने रावण और कुंभकर्ण के पूर्व जन्मों की कथा सुनाते हुए बताया कि वे पूर्व जन्म में भगवान के द्वारपाल जय और विजय थे, जिन्हें मिले शाप के कारण उन्हें राक्षस योनि में जन्म लेना पड़ा। उनके उद्धार के लिए ही स्वयं नारायण को धरा पर आना पड़ा। कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। पूरा बाजार चौक राममय हो चुका है। आयोजक समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से प्रभु की इच्छा तक अनवरत चलती रहेगी। आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि आगामी दिनों में भी सपरिवार पधारकर इस अमृतमयी कथा का श्रवण करें और अपना जीवन कृतार्थ बनाएं।



# गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में मितानिनों की अहम भूमिका: उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला में आयोजित स्वस्थ पंचायत जन संवाद सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मितानिनें निस्वार्थ भाव से पूरे गांव को परिवार मानकर उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग रहती हैं। उनके प्रयासों से हर पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यापक पहुंच सुनिश्चित होती है। महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा में उनका बड़ा योगदान होता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिया है जिसके तहत विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। आने वाले वर्षों में विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख पंच और 11 हजार से अधिक सरपंच चुने गए हैं। जनपद पंचायत सदस्यों सहित इन सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों में लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1 हजार रुपये की राशि सीधे जमा की जा रही है। यह राशि न केवल महिलाओं को छोटी मोटी जरूरतों को पूर्ति का आधार बन रही है बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का भाव भी प्रदान कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि महिला समूह क्लस्टर के सीएफएल मुख्यालय में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। जिले में कुल 19 महतारी सदन बनाए जाएंगे, यह महिलाओं और महिला समूहों के लिए रोजगार और आय संवर्धन केंद्र के रूप में स्थापित होंगे। जिसके संचालन की कमान भी महिलाओं के हाथों में होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किया गया है, ताकि महतारी वंदन योजना की राशि ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राप्त हो सके। इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की राशि भी गांव में ही मिलेगी। इससे ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए गांव के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



## मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**कवर्धा।** टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों ने शिक्षक संवर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की ओर से अपर कलेक्टर विनय कुमार पोयाम ने ज्ञापन स्वीकार किया। ज्ञापन में शामिल प्रमुख मुद्दों में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में रमेश चन्द्रवंशी एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय दिनाँक 23 जनवरी 2026 के तहत पूर्व सेवा की गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने का आदेश जारी करना, केंद्र सरकार के समान 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन का प्रावधान करना, दस वर्ष के बजाय पांच वर्ष की सेवा में न्यूनतम पुरानी पेंशन का प्रावधान करना, पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षक, शिक्षक को दस वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल अर्थात वन टाइम रिलेक्सेशन कर पांच वर्ष में क्रमोन्नति देना, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने हस्तक्षेप याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करना, डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए छः माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारम्भ करना तथा मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेना शामिल है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, राजेश तिवारी, उमेश चन्द्रवंशी, मनोज कौशिक, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, वंदना तागड़े, भूपेंद्र जाटवर, लक्ष्मण मिरी, देवन धुर्वे, राजकिरण चन्द्रवंशी, राजेश वर्मा, शिव धुर्वे, नरेंद्र चंद्रौल, विनोद राजपुत, इंद्रभूषण राय, रवि भगत, भूपेंद्र साहू, दिलीप धुर्वे, चतुर मेरावी, राजेन्द्र निर्मलकर, रामसिंह साहू, हुकमीचंद धुर्वे, लक्ष्मण चन्द्रवंशी, नंद कुमार साहू, सतरूपा धुर्वे, नकुल वर्मा, पन्ना लोधी, उमा बघेल, मिट्ठ साहू, सुलोचना राजपूत, सुलेखा रात्रे, शाहिदन कुरैशी, पूनम धुर्वे आदि उपस्थित थे।

**आस्था समिति बैगा समाज का तीन दिवसीय भव्य आयोजन**

# बाल महोत्सव में बैगाओं ने संस्कृति बचाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आस्था समिति बैगा समाज द्वारा तीन दिवसीय बैगा महोत्सव का आयोजन सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत आगरपानी के ग्राम फिफलीपानी में किया गया। कार्यक्रम के विषय में आस्था समिति के अध्यक्ष दौलत राम कश्यप ने बताया कि महोत्सव विगत 10 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। बैगा संस्कृति, खान-पान, वेशभूषा, वाद्य यंत्र, नृत्य एवं पारंपरिक कलाओं को साथ ही वनों में पाए जाने वाले जड़ी बुटी को नई पीढ़ी तक पहुंचाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे उपस्थित रहीं। साथ ही हेल्पेज इंडिया छत्तीसगढ़ के संचालक शुभांकर, एम जाफर पूर्व लोकपाल, शासकीय पीजी महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक नरेंद्र कुलमित्र, डॉ. कविता कन्नौज, कृषक सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के समन्वयक ललीत सिन्हा, नमिता पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नंदकुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्कूल स्टाफ एमआई संस्थान कवर्धा के संचालक महेन्द्र एवं लाला पटेल विशेष रूप से उपस्थित होकर वनांचल की संस्कृति को समझा। आस्था समिति से क्षमा कश्यप तीन दिन तक उनके बीच रहकर कार्यक्रम को सफल निभाये। कार्यकर्ता राजेश गोयल कार्यक्रम प्रबंधक, मोनिका बांधेकर, आरती, ज्योति एवं उमेश वर्मा वनांचल में प्रतिभागी निभाई। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण वनोपज, दुर्लभ जड़ी बूटी खाद्य सामग्री पारंपरिक औजार जिसमें चूहा, मछली, चिड़िया फसाने एवं तीर धनुष 150 प्रकार की प्रदर्शनी लगाई गई। इसके साथ फिफलीपानी बोहिल, झुलनिया एवं आगरपानी के बैगा नृत्य जो कि पारंपरिक वेशभूषा एवं बीरनमाला स्वागत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बैगा समाज की समृद्ध संस्कृति को सहेजने एवं आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।



# शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में वार्षिक उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में गत 28 जनवरी बुधवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतु सिंह धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत महराजपुर उपस्थित थे। अतिथि द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी के अध्यक्ष नेतराम पटेल ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप सरपंच सनत जायसवाल, अंकित शर्मा, गुलाब जायसवाल, भुवन पटेल, भीखम पटेल, रामू जायसवाल उपस्थित थे। संस्था के प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के बालक बालिकाओं के द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति गीत, एकल एवं समूह नृत्य, प्रेरणादायी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम बहुत ही रोचक एवं आनंददायी रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ पुलक साहू, नम्रता श्रीवास्तव, नीलिमा सिरदार,अनिल चंद्रवंशी, शालू चंद्रवंशी, रमा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामाधार साहू ने किया। उक्त जानकारी गोकुल जायसवाल प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजपुर ने दी।

